## एक नजर में

## ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा बाबा केदारनाथ के दर्शन बुरहानपुर में : चिटनिस



**बुरहानपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्व विद्यालय के प्रभु चिंतन भवन के प्रांगण में भव्य महाशिवरात्रि मोहोत्सव के प्रथम दिवस द्वादश ज्योतिलिंग केदारनाथ मंदिर झांकी और ज्ञानमयी आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री व विधायक अर्चना चिटनीस, पूर्व महापोर अनिल भोसले, पूर्व निगम अध्यक्ष गौरी शर्मा, समाजसेवी माधोबिहारी अग्रवाल, महेश जोशी, महेंद्र पारीख, ब्रह्माकुमारी मंगला दीदी के कर कमलो द्वारा दिप प्रज्जलन बाबा केदारनाथ की झांकी का फीता काटकर एवं महाआरती कर झांकी का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर श्रीमती चिटनीस ने अपने उद्बोधन में कहा की ब्रह्माकुमारीज द्वारा प्रति वर्ष जिले के समस्त नागरिको को परमात्मा से जोड़ने का कार्य किया जाता है उन्होंने बताया की ब्रह्माकुमारीज का आत्मा से परमात्मा तक जोड़ने का यह आध्यात्मिक एवं दिव्य कार्य जो किया जा रहा है ए वह सराहनीय है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आकर्षण का केंद्र बना अपने सर पर चाय बनाने वाली कला की प्रस्तुति प्रस्तुत की गयी माउन्ट आबू से पधारे ब्रह्माकुमार शंकर भाई द्वारा। पानीपत से पधारे ब्रह्माकुमार राकेश कुमार ने अपने नृत्य प्रस्तुति से लोगो का मन मोह लिया।

## डॉ .सुरेन्द्र भारती मोतीमाला, तीर्थंकर पार्श्वनाथ भगवान् के चित्र के साथ सम्मानित



**बुरहानपुर।** अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन विद्वत्परिषद् के उपाध्यक्ष एवं हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो.डॉ. सुरेन्द्र जैन भारती को श्री दिगम्बर जैन पुण्योदय अतिशय क्षेत्र बिजौलियां, जिला.भीलवाड़ा राजस्थान में प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री लाभचन्द जैन पटवारी ने मोतीमाला, तीर्थंकर पार्श्वनाथ भगवान् के चित्र के साथ सम्मानित किया। यहाँ उल्लेखनीय है कि जगत् पूज्य श्रमणशिरोमणि निर्यापक मुनिपुङ्गव श्री सुधासागर जी महाराज, क्षुल्लक गौरव श्री गंभीरसागर जी वर्णी महाराज के आशीर्वाद से पुण्योदय तीर्थ, बिजौलियां का विगत 30 वर्षों से निरंतर विकास चल रहा है। यहाँ तीर्थंकर पार्श्वनाथ का 172 फुट ऊंचा जैन मन्दिर, 225 स्वर्णकमल युक्त श्री विहार प्रसंग, मुनि श्री पार्श्वनाथ पर उपसर्ग एवं धरणेन्द्र द्वारा उपसर्ग निवारण, समवशरण में चार दिशाओं में विराजित चार प्रतिमायें, समवशरण, चौबीसी जिनमंदिर, दसगणधर मंदिर, मूलनायक मंदिर आदि का निर्माण किया गया है। यहाँ विशाल शिलालेख है जिसपर 93 श्लोक प्रमाण श्री पार्श्व पुराण अंकित है। यहाँ उल्लेखनीय है कि डॉ.सुरेन्द्र जैन भारती बिजौलियां तीर्थक्षेत्र का समग्र इतिहास लिख रहे हैं। डॉ.भारती ने भी बुरहानपुर जैन समाज की ओर से क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष दानवीर श्री लाभचन्द पटवारी का सम्मान किया। इस अवसर पर दिनेश जैन, अनुराग जैन, इन्द्रा जैन, शोभा जैन, शिल्पा जैन, संजीव जैन आदि महानुभाव उपस्थित थे।

## गंदे पानी और खराब सड़कों को लेकर घेराव


**बुरहानपुर।** बुरहानपुर में जन समस्याओं और फर्जी शिकायतों को लेकर बुधवार को कांग्रेस ने अनोखा प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू टाक के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पहले जयस्तंभ पर धरना दिया, फिर नगर निगम का घेराव करने पहुंचे। जब निगम आयुक्त कार्यालय में नहीं मिलेए तो नाराज कांग्रेसियों ने एक बकरे के गले में ज्ञापन बांधकर अपना विरोध जताया। जिला अध्यक्ष रिंकू टाक ने आरोप लगाया कि शहर में ब्लू नल योजना के जरिए गंदा पानी सप्लाई किया जा रहा हैए जिससे नागरिकों की सेहत से खिलवाड़ हो रहा है। शहर के अधिकांश वार्डों में सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं। सीमेंट रोड का निर्माण कार्य ठप पड़ा है और ठेकेदार समय पर काम नहीं कर रहे हैं। इसके बावजूद नगर निगम प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है।




**राशन.पेंशन के लिए भटक रहे गरीब:**-कांग्रेस ने गरीबी रेखा के राशन कार्ड बंद किए जाने और सत्यापन न होने का मुद्दा भी उठाया। टाक ने कहा कि गरीब परिवारों को राशन के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। वृद्धावस्था पेंशन में अव्यवस्था है और संबल कार्ड भी रिन्यू नहीं किए जा रहे हैं। इससे मजदूर और गरीब वर्ग सरकारी योजनाओं से वंचित हो रहा है।

**वोटर लिस्ट में गड़बड़ी का आरोप:**-रिंकू टाक ने वोटर लिस्ट से नाम काटने को लोकतंत्र कमजोर करने की साजिश बताया। उन्होंने कहा कि शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। इन्हीं मांगों को लेकर कांग्रेस ने यह प्रदर्शन किया।


## दो सूत्रीय मांगों को लेकर विद्युत वितरण कंपनी के पेंशनरों द्वारा प्रदर्शन



**बुरहानपुर।** मुख्य विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय के सामने आज दोपहर 12 बजे से विद्युत वितरण कंपनी के पेंशनरो द्वारा घरना प्रदर्शन कर राज्य सरकार के सामने दो मागे रखी गई जिसमें पेंशन गारंटी के साथ केंद्रीय कर्मचारियों के समान महंगाई भत्ता दिया जाए। धरना प्रदर्शन मे पेंशनर्स यूनियन अध्यक्ष के डी मिश्रा, उपाध्यक्ष उपेन्द्र जैन, सचिव निर्मल शर्मा ने अपने विचार रख राज्य सरकार से मांगे पूरी न होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी। पेंशनर अध्यक्ष के डी मिश्रा का कहना है कि वर्षों से उनकी मूलभूत मांगें लंबित पड़ी हैं, लेकिन अब तक सरकार और संबंधित विभागों द्वारा कोई ठोस और संतोषजनक निर्णय नहीं लिया गया है। उपाध्यक्ष उपेन्द्र जैन ने पेंशनर सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि हम मध्य प्रदेश राज्य विद्युत मंडल में नौकरी पर लगे थे, सत्ताधारियों की चालाकी से हम राज्य विद्युत मंडल के अधीन हो गए और जब हम रिटायर्ड हुए विद्युत वितरण कंपनी से। पेंशनर्स संगठन के एम.ए .देशमुख का कहना है कि वहम वर्षों तक विद्युत विभाग में सेवा देकर प्रदेश के विकास में योगदान दे चुके हैं, लेकिन सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें अपने हक के लिए सड़कों पर उतरना पड़ रहा है।

# मुख्यमंत्री डॉ .मोहन यादव के 14 फरवरी आगमन को लेकर तैयारियां तेज

### अर्चना चिटनिस ने किया प्रशासनिक अधिकारियों संग स्थल निरीक्षण





**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के आगामी 14 फरवरी 2026 को प्रस्तावित बुरहानपुर आगमन को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। कार्यक्रम को भव्यए सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के उद्देश्य से विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कलेक्टर हर्ष सिंह, पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पाटीदार सहित विभिन्न विभागों के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल एवं प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभा स्थल, हैलीपैड, यातायात व्यवस्था, पार्किंग स्थल, सुरक्षा व्यवस्था एवं आम नागरिकों की सुविधाओं को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। अर्चना चिटनिस ने अधिकारियों को मुख्यमंत्री के नगर प्रवास दौरान आम जन को कार्यक्रम स्थल पहुंचने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और नगर में आम जनता को आवागमन में भी किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। ऐसी पूर्व नियोजित कार्य योजना बनाई जाए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था तथा कार्यक्रम स्थल पर आने वाली जनता की सुविधाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की। श्रीमती चिटनिस ने निर्देशित किया कि कार्यक्रम स्थल पर बैठने की पर्याप्त व्यवस्था, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, स्वच्छता एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। साथ ही शहर में कानून.व्यवस्था एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश भी दिए गए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टरए पुलिस अधीक्षक एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों ने लोक निर्माण विभाग, नगर पालिका तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों को समय.सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा घेरे एवं पार्किंग व्यवस्था का विस्तृत प्लान तैयार करने की बात कही, ताकि आम नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

**विकास की सौगात.करोड़ों के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण:**-मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के आगमन दौरान जिले को विकास की बड़ी सौगात मिलने जा रही है। इस अवसर पर शिक्षा, स्वास्थ्य, आयुष, आधारभूत संरचना एवं प्रशासनिक सुविधाओं से जुड़े करोड़ों रुपए की लागत के अनेक विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण प्रस्तावित है। इन परियोजनाओं से जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और बुनियादी ढांचे को नई गति मिलेगी तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी।

विधायक अर्चना चिटनिस ने कहा कि मुख्यमंत्री जी का यह दौरा बुरहानपुर एवं निमाड़ क्षेत्र के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रहेगा। इस अवसर पर क्षेत्र के लिए नई विकास घोषणाएं भी होने की संभावना है, जिससे जिले के समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी।

**जनता एवं कार्यकर्ताओं में उत्साह:**-मुख्यमंत्री के आगमन एवं विकास कार्यों के शुभारंभ को लेकर स्थानीय नागरिकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। जनप्रतिनिधियों एवं संगठन के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया है और व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित करने के लिए तैयारियां की जा रही हैं।

## मुख्यमंत्री आगमन को लेकर महापौर ने ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक

### कार्य व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिए दिशा निर्देश



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री माननीय डॉ मोहन यादव के नगर आगमन को लेकर नगर निगम द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। आज मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर नगर निगम महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने निगम के एम आई सी हॉल में अधिकारी कर्मचारियों की बैठक ली जिसमें माननीय मुख्यमंत्री के प्रवास को लेकर कार्य व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु दिए दिशा निर्देश महापौर श्रीमती पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि माननीय मुख्यमंत्री जी का मुख्य कार्यक्रम नेहरू स्टेडियम ग्राउंड पर होगा जिसे ऐतिहासिक और यादगार बनाना हमारा कर्तव्य है। अधिकारी अपने.अपने सौंपे गए कार्य का निर्वहन करेंगे।

इस बैठक में विभिन्न व्यवस्थाओं को जैसे हेलीपैड से लेकर मुख्य कार्यक्रम स्थल तक पार्किंग स्थल विद्युत पेयजल साफसफाई मंच बैठक वाटर रूफपंडाल साउंडसिस्टम फायर ब्रिगेड आदि की व्यवस्था से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया प्रवास को लेकर महापौर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कार्यक्रम में हितग्राहियों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से अधिक से अधिक संख्या में की जाए प्रधानमंत्री आवास योजना पीएम स्व निधि, कर्मकार मंडल दिव्यागजनो को इन सभी योजनाओं के हितग्राहियों आमंत्रित किया जाए तथा सुनिश्चित कर उनके उन उचित व्यवस्था पर्याप्त मात्रा में की जाना चाहिए अधिकारियों ने भी अपने सुझाव दिए।

इस बैठक में निगम महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल पुर्व महापौर श्री अतुल पटेल ने आयुक्त संदीप श्रीवास्तव कार्यपालन यंत्री प्रेम कुमार साहू, सहायक आयुक्त सुश्री स्वर्णिका वर्मा, लेखा अधिकारी विक्रम पोरवाल सहायक यंत्री अशोक पाटिल ,गोपाल महाजन, कार्यालय अधीक्षक संदीप तिवारी ,जन संपर्क अधिकारी हरीश मोरे ,संजय शाह ,अमित ,प्रकाश ,निगम इंजीनियर्स अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## राजघाट रोड पर प्राचीन पंचमुखी हनुमान एवं शिव मंदिर के परिसर में होगा आर्ट ऑफ लिविंग का सत्संग



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** आध्यात्मिक संस्था आर्ट ऑफ़लिविंग का सत्संग आज गुरुवार रात्रि 9 बजे से राजघाट रोड पर स्थित प्राचीन पंचमुखी हनुमान एवं शिव मंदिर के परिसर में होगा। मंदिर से जुड़े सेवक गणेश दत्ताराव एवं क्षेत्रीय पार्षद अजय उदासीन ने बताया कि यह लगभग 4 शताब्दी पूर्व का पूरे जिले का सबसे प्राचीन और सिद्ध मंदिर माना जाता है और वर्तमान में श्रद्धालु भक्तों के बढ़ते हुए सेवा भाव के कारण उसका जीर्णोदार और रंगरोंगन नए स्वरूप में हो जाने से यह काफी मनमोहक परिसर हो गया है। इस नवनिर्माण के उपरांत महाशिवरात्रि से पूर्व इस जीर्णोदार और नवनिर्माण के निमित्त आज का यह भक्तिमय सत्संग रखा गया है। संस्था के केन्द्र प्रमुख संतोष देवताले और चिंतामन महाजन ने बताया कि आज के सत्संग में व्यक्ति विकास केन्द्र के साधक भरत श्रॉफए भरत रावलए राजेन्द्र पवार शएविजय दुंबानीए दीपाली पंडित राजारानी मेहता ईश्वरीय आराधना और गुरुभक्ति पर आधारित हनुमान जी और शिव आराधना के मनमोहक भजन प्रस्तुत करेंगे। प्रशिक्षक रवींद्र पंडित द्वारा संस्था की आगामी गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी तथा उपस्थित साधकों को गुरुवाणी में ध्यान क्रिया भी कराई जाएगी। संस्था से जुड़े योगेश सराफदीपक अदमने, शेखर बोहरा, धर्मेंद्र जड़िया, संजय मुंगी ने समस्त संस्था सदस्यों और नगरवासियों से सत्संग में उपस्थिति का आग्रह किया है।

## नवोदय विद्यालय लोनी में जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव का आयोजन




**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय लोनी बुरहानपुर में जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव का आयोजन विद्यालय प्राचार्य देवेंद्र कुमार जैन एवं उप प्राचार्य बी पी एस यादव सर के मार्गदर्शन में किया गया। प्रेरणा उत्सव भारत के शिक्षा मंत्रालय द्वारा चलाया जाने वाला एक राष्ट्रीय, एक सप्ताह का अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम है। जिसमें जिले के समस्त हाई और हायर सेकेण्डरी विद्यालयों से चयनित लगभग 49 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्रेरणा उत्सव आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों में प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें छात्र.छात्राओं ने कविता, निबंध, चित्रकला विधाओं में भाग लिया। प्रतियोगिता में भाग लेने आए अतिथियों एवं छात्र, छात्राओं के भोजन की व्यवस्था विद्यालय द्वारा की गई ,प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र.छात्राओं में से 15 छात्र एवं 15 छात्राएं चयनित की गईं। जिनका विभिन्न विषयों पर साक्षात्कार लिया गया। इसके उपरांत इनमें से जिला स्तर पर चयनित एक छात्र एवं एक छात्र को गुजरात के बड़नगर में 7 दिन तक आयोजित एक विशेष कैंप में भेजा जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने समस्त स्टाफसदस्यों की विशेष भूमिका रही।

## समस्त अध्यापक संगठन,म .प्र . जिला बुरहानपुर ने सौंपा ज्ञापन



**, बुरहानपुर।** समस्त अध्यापक संगठनए जिला बुरहानपुर द्वारा शासकीय हाईस्कूल लोधीपुरा के शिक्षक शालिकराम चौधरी के विरुद्ध की जा रही निराधार शिकायतों के संबंध में निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर कलेक्टर एवं विधायक अर्चना चिटनिस को ज्ञापन सौंपा गया।

संगठन ने बताया कि चौधरी विगत 13 वर्षों से शासकीय सेवा में कार्यरत हैं तथा उनका सेवा अभिलेख एवं कार्य निष्पादन संतोषजनक रहा है। बार.बार की जा रही आधारहीन शिकायतों से उन्हें अनावश्यक मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में मांग की गई कि प्रकरण की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराई जाए तथा शिकायतें असत्य पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाए। इस दौरान नंदकिशोर मोरे, प्रकाश पाटिल, प्रमोद चौधरी, प्रमोद पाटिल, संजय अटकड़े, रविकांत मेहता, रविंद्र कापसे, मुकेश अत्रे, भरत महाजन, स्वप्निल महाजन, प्रमोद सातव, संजय विश्व, बहादुर मीर, शिवलाल कुशवाह, राजाराम शाह, संतोष निंभोरे, विजय महाजन आदि उपस्थित रहे।

## शासकीय कॉलेज में सतत जीवन पर कार्यशाला




**नवभारत न्यूज, नेपानगर।** शासकीय कॉलेज में बुधवार को ईको क्लब के तहत पर्यावरण शिक्षण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य विषय सतत् जीवन रहा। मुख्य वक्ता विरेंद्र यादव वन विभाग नेपानगर ने सतत् जीवन की अवधारणा पर कहा कि सतत् विकास वही है, जिसमें प्राकृतिक संसाधनों का संतुलित उपयोग हो और पर्यावरण को क्षति पहुचाए बिना मानव आवश्यकताओं की पूर्ति की जाए। प्राचार्य डॉ मनीषा साकल्ले ने कहा मानव समाज तीव्र गति से औद्योगिक क्रांति की ओर बढ़ रहा हैए किंतु अब समय आ गया है कि हम विकास के साथ साथ हरित क्रांति की दिशा में भी गंभीरता से आगे बढ़ें। संयोजक व ईको क्लब प्रभारी प्रो श्रुति महाजन ने ईको क्लब की गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा महा विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकताए जिम्मेदारी विकसित करने के लिए निरंतर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

## नगर परिषद् शाहपुर में स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता का आयोजन



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** नगर परिषद शाहपुर द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025.26 को दृष्टिगत अध्यक्ष श्रीमती साधना वीरेन्द्र तिवारी के आदेशानुसार मुख्य नगर परिषद अधिकारी दिलीप चौहान के नेतृत्व में शहर में स्वच्छता व्यवस्था को ओर अधिक सदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से स्वच्छ वार्ड रैंकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई । स्वच्छ सर्वेक्षण 2025.26 को देखते हुवे परिषद के गठित स्वच्छ भारत मिशन की टीम द्वारा शहर के सभी 15 वार्डो में जमीनी स्तर पर निरीक्षण किया गया जा रहा है । स्वच्छता से जुड़ी व्यवस्थाओं का हो रहा मूल्यांकन, वार्डो में पहुंच रही है गठित टीम सर्वे हेतु वार्डो में पहुंच कर स्वच्छता से जुड़ी व्यवस्थाओं का सूक्ष्मता से मूल्यांकन कर रही है।

निरीक्षण के दौरान विशेष रूप से डोर टू डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था, गिला एवं सुखा कचरा पृथक्कीकरण, सफाई के दौरान कर्मचारियों द्वारा कीट का उपयोग, निर्माण एवं विध्वंसक कचरे की निस्तारण व्यवस्था, सीटीयू ;कचरा स्थल की वर्तमान स्थिति, बैक लेन सौंदरीकरणए रेड स्पॉटए येलो स्पॉटए रहवासी क्षेत्र में कचरा प्रबंधन की व्यवस्थाओं को प्रमुखता से परखा जा रहा है । गठित टीम नागरिकों से सीधे संवाद कर रही है साथ ही टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों से भी संवाद कर नागरिकों से स्वच्छता से जुड़ी समस्याओं ओर सुझावों की जानकारी सीधे तौर पर प्राप्त की जा सके एवं फीडबैक लिए गए । नगर परिषद का उद्देश्य केवल रैंकिंग करना ही नहीं बल्कि मौके पर चिन्हित समस्याओं का भी समाधान करना है । टीम द्वारा किए सर्वे रिपोर्ट को स्वच्छ वार्ड रैंकिंग कमिटी को भेजा जाता है जहां गठित टीम द्वारा स्वच्छ वार्ड का चयन किया जाता है इस माह जनवरी में वार्ड क्रमांक 10 शिवाजी वार्ड को स्वच्छ वार्ड घोषित किया गया । इस अवसर वार्ड क्रमांक 10 शिवाजी वार्ड पार्षद श्रीमती दीपाली पंकज राउत द्वारा वार्ड की महिलाओं के साथ मिलकर सफाई मित्रो का पुष्प माला के साथ सम्मान किया गया ।

स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता का उद्देश्य उत्कृष्ट कार्य कर रहे वार्ड कर्मचारियों का सम्मान नहीं अपितु जिन वार्ड में जो भी कुछ कमियां हे उनका आंकलन कर उन्हें समय रहते दूर करना हे । ताकि शाहपुर शहर स्वच्छ एवं सुन्दर निरंतर बना रहे ।

**एक नजर** — रेल लॉजिस्टिक्स सुविधा तथा वंदे भारत ट्रेन के स्टॉपेज की मिले सौगात .....

# लोकसभा में सांसद पाटिल ने बुरहानपुर व खंडवा स्टेशन पर स्टॉपेज की मांग रखी



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** क्षेत्रीय विकास को लेकर सतत प्रयासरत रहने वाले खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने बुधवार को लोकसभा में बुरहानपुर व खंडवा रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन का स्टॉपेज देने तथा विशेष कार्गो हब या उन्नत रेल लॉजिस्टिक्स सुविधा विकसित करने की पुरजोर तरीके से मांग रखी। इसका जवाब देते हुए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि खंडवा लोकसभा सांसद अपने क्षेत्र के विकास को लेकर सतत प्रयासरत रहते हैं। संसदीय क्षेत्र के विकास को और अधिक गति कैसे मिले इस पर वह सदैव कार्य करते है, फीडबैक व फॉलोअप लेते हैं। इसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूँ साथ ही विश्वास दिलाता हू कि आपके द्वारा उठाई गई मांगों पर सरकार द्वारा सार्थक निर्णय लिया जाएगा।

**देश.विदेश से आते हैं पर्यटक:**-सांसद पाटील ने कहा कि मेरे संसदीय क्षेत्र खंडवा.बुरहानपुर से होकर गुजरने वाला रेल मार्ग उत्तर और दक्षिण भारत को जोड़ने वाला एक प्रमुख मार्ग है। खंडवा स्थित ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग और बुरहानपुर के ऐतिहासिक व यूनेस्को श्रेणी के धरोहर स्थलों पर देश.विदेश से आने वाले पर्यटकों की भारी संख्या को देखते हुए वंदे भारत ट्रेन का स्टॉपेज दिया जाए।

**किसानों के लिए होंगी बड़ी सौगात:**-सांसद ने बताया कि की मेरे संसदीय क्षेत्र के बुरहानपुर में बड़े पैमाने पर होने वाली केले, सोयाबीन, प्याज सहित अन्य कृषि उत्पादों को बड़े बाजारों तक पहुँचाने के लिए। इस क्षेत्र में विशेष कार्गो हब या उन्नत रेल लॉजिस्टिक्स सुविधा की सौगात मिल जाती है तो कृषि व उद्योग क्षेत्र को तेज गति मिलेंगी।

**यह है रेलवे कार्गो हब:**-सांसद ने बताया कि रेलवे कार्गो हब एक विशिष्ट रेलवे स्टेशन या टर्मिनल है, जो विभिन्न स्थानों से माल ;कार्गो को एकत्रितए सॉर्ट और वितरित करने का प्रमुख केंद्र होता है। यह हब.एंड.स्पोक मॉडल पर कार्य करता है, जहाँ छोटी ट्रेनें या सड़क मार्ग से माल हब पर आता है और फिर मुख्य ट्रेनों के माध्यम से गंतव्य तक पहुँचाया जाता है, जिससे रसद दक्षता बढ़ती है। रेल परिवहन सड़क की तुलना में सस्ता है। इससे औद्योगिक विकास को भी बढ़ावा मिलेंगा। यह सौगात मिल जाती है तो क्षेत्रिय विकास को तेज रफ्तार मिलेगी।